# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 850 / W-16 / 80 दिनांक– 11.05.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 06 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "हर घर नल योजना सिर्फ कागजो में, पिंडारी के टोला बुड़ा में प्यास से जुझते लोग" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 06 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"हर घर नल योजना सिर्फ कागजो में, पिंडारी के टोला बुड़ा में प्यास से जुझते लोग"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

1. **हर घर नल जल योजना का सपना हुआ चकनाचुर, नदी का गंदा पानी ही सहारा।**

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम पिंडारी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। उक्त ग्राम में पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य पूर्ण करने के उपरान्त जलापूर्ति की जा रही है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता


Google
Maharikala, Uttar Pradesh, India
Maharikala, Uttar Pradesh 231223, India
Lat 24.042564° Long 82.92357°
Monday, 11/05/2026 09:47 PM GMT +05:30


Maharikala, Uttar Pradesh, India
Maharikala, Uttar Pradesh 231223, India
Lat 24.042352° Long 82.923809°
Monday, 11/05/2026 09:48 PM GMT +05:30


Google
Pindari, Uttar Pradesh, India
2wcc+r2c, Rod, Pindari, Uttar Pradesh 231223, India
Lat 24.023467° Long 82.920716°
Monday, 11/05/2026 09:47 PM GMT +05:30


Google
Pindari, Uttar Pradesh, India
2wcc+r2c, Rod, Pindari, Uttar Pradesh 231223, India
Lat 24.023496° Long 82.920711°
Monday, 11/05/2026 09:47 PM GMT +05:30

# हर घर जल नल योजना सिर्फ कागजों में, पिंडारी के टोला बुड़ा में प्यास से जूझते लोग




## हर घर नल जल योजना का सपना हुआ चकनाचूर, नदी का गंदा पानी ही सहारा

BY राजेश तिवारी
PUBLISHED ON MAY 06, 2026 09:25 PM IST

***संतोष कुमार गुप्ता ( संवाददाता)***

***बीजपुर / सोनभद्र -***

जनपद के म्योरपुर ब्लॉक में सरकार की करोड़ों रुपये की लागत से बना टंकी इन दिनों सफेद हाथी साबित हो रहा है। बतातें चलें कि जल जीवन मिशन योजना पिंडारी ग्राम पंचायत के टोला बुड़ा में पूरी तरह फ्लाप साबित हो रहा है। यहां तक कि हालात इतने बदतर हैं कि आज भी ग्रामीण साफ पेयजल के लिए तरस रहे हैं और मजबूरी में नदी के चुहाड़ का दूषित पानी पीने को विवश हैं।

गांव के पवन कुमार पुत्र राम प्रसाद वीरापति, सुबेलाल और सुशीला समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत नल-जल की सुविधा आज तक धरातल पर नहीं उतर पाई।सिर्फ कागजों में सब कुछ पूरा दिखा दिया गया, लेकिन हकीकत में एक बूंद पानी तक लोगों को नसीब नहीं हो रही।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला, समाधान नहीं। गर्मी बढ़ने के साथ जल संकट और गहराता जा रहा है। महिलाएं और बच्चे रोजाना दूर-दूर तक पानी के लिए भटकते हैं, जिससे उनका जीवन बेहद कठिन हो गया है।



**Read More** अधिवक्ता राजेश यादव मौत प्रकरण में बड़ा खुलासा, पूर्व पुलिस जांच पर उठे गंभीर सवाल